# पुणना International School

Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| SUMMATIVE ASSIGNMENT -1 2022-23 | |
|---|---|
| **Grade – 5** | **Subject:Hindi** |
| **Syllabus – CH-1,2,3,4,5,6,7,8,9** | **FROM TEXTBOOK** |

## पठन विभाग

### Q .1 निम्नलिखित गंघाश के प्रश्नो के उत्तर लिखो।

(क) किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

1 तीन मित्र कौन- कौन थे ?

उत्तर- तीन मित्र दो हंस एक कछुआ थे

2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?

उत्तर - हंसों को तालाब से जाने की समस्या थी

3. तालाब सूख गया, क्योंकि

उत्तर - बहुत गरमी थी

4. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर

उत्तर - तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

5. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:

उत्तर -अपना नुकसान स्वयं करना

ख) एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चारों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात-भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ

पहुँचा और चोरों से बोला, “भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात-भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।”

1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?
उत्तर-चोर
2. तेनालीराम ने संदूक मे क्या भरा?
उत्तर - तेनालीराम ने संदूक मे ईट - पत्थर भरा

3. तेनालीराम ने रुपए-पैसे और कीमती सामान कहाँ रखा?
क)घरमें
4. संदूक निकालने के लिए चोरों ने क्या किया ?

उत्तर - कुएँ से पानी निकालने लगे

## लेखन विभाग

[1] चित्र लेखन



**प्र-यह चित्र कहाँ का है?**

उत्तर- यह चित्र तालाब के किनारे का है।

**प्र- तालाब के किनारे बच्चे क्या कर रहे है?**

उत्तर- तालाब के किनारे बच्चे खेल रहे है।

**प्र-तीन बच्चे नदी मे क्या कर रहे है?**

उत्तर- तीन बच्चे नदी मे नह रहे है।

**प्र-रेती का घर कितने बच्चे बना रहे है।**

उत्तर- रेती का घर दो बच्चे बना रहे है।

**प्र-तालाब के किनारे किसके पौधे है?**

उत्तर-तालाब के किनारे फूलो के पौधे है।



**प्र-यह चित्र कहाँ का है?**

उत्तर-यह चित्र बगीचे का है।

**प्र- बच्चे बगीचे मे क्या कर रहे है?**

उत्तर-बच्चे बगीचे मे खेल रहे है।

**प्र-बगीचे मे कितने पेड़ है**

उत्तर-बगीचे मे १६ पेड़ है।

**प्र-बगीचे के किनारे क्या है?**

उत्तर-बगीचे के किनारे एक मंदिर है।

**प्र-बगीचे के दुसरे छोर पर क्या है?**

उत्तर-बगीचे के दुसरे छोर पर कुछ मकान है।

**निम्नलिखित निबंध लिखिए**

**प्र-यह चित्र कहाँ का है?**

उत्तर-यह चित्र बगीचे का है।

**प्र- बच्चे बगीचे मे क्या कर रहे है?**

उत्तर-बच्चे बगीचे मे खेल रहे है।

**प्र-बगीचे मे कितने पेड़ है**

उत्तर-बगीचे मे १६ पेड़ है।

**प्र-बगीचे के किनारे क्या है?**

उत्तर-बगीचे के किनारे एक मंदिर है।

**प्र-बगीचे के दुसरे छोर पर क्या है?**

उत्तर-बगीचे के दुसरे छोर पर कुछ मकान है।

**[2]निम्नलिखित मे से कोई निबंध लिखिए**

## रक्षाबंधन

- **रक्षाबंधन** हिन्दुओं का प्रमुख पर्व है।
- यह त्योहार भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक है।
- इस दिन बहने अपने भाइयों की कलाई पर राखी बाँधती हैं और अपने भाई की लंबी आयु की कामना करती हैं।
- भाई अपनी बहन को उसकी रक्षा का वचन देता है।
- यह राखी का त्योहार संपूर्ण भारतवर्ष में मनाया जाता है।
- हम यह पर्व सदियों से मनाते चले आ रहे हैं।
- आजकल इस त्योहार पर बहनें अपने भाई के घर राखी और मिठाइयाँ ले जाती हैं।
- भाई राखी बाँधने के पश्चात् अपनी बहन को दक्षिणा स्वरूप रुपए देते हैं या कुछ उपहार देते हैं।
- इस प्रकार आदान-प्रदान से भाई-बहन के मध्य प्यार और प्रगाढ़ होता है।
- रक्षाबंधन अर्थात् संरक्षण का एक अनूठा रिश्ता, जिसमें बहनें अपने भाइयों को राखी का धागा बाँधती है,
- मित्रता की भावना से भी यह धागा बाँधा जाता है, जिसे हम दोस्ती का धागा भी कहते हैं।
- यह नाम तो अंग्रेज़ी में अभी रखा गया है, लेकिन रक्षा बंधन तो पहले से ही था, यह रक्षा का एक रिश्ता है।
- इसलिए, रक्षा बंधन ऐसा त्यौहार है, जब सभी बहनें अपने भाइयों के घर जाती हैं,और अपने भाइयों को राखी बांधती हैं, और कहती हैं ।"मैं तुम्हारी रक्षा करूंगी और तुम मेरी रक्षा करो"
- और ये कोई ज़रूरी नहीं है, कि वे उनके अपने सगे भाई ही हों, वह अन्य किसी को भी राखी बाँधकर बहन का रिश्ता निभाती हैं।
- तो ये प्रथा इस देश में काफी प्रचलित है, और ये श्रावण पूर्णिमा का बहुत बड़ा त्यौहार है।
- आज ही के दिन यज्ञोपवीत बदला जाता है।
- रक्षाबंधन पर राखी बांधने की हमारी सदियों पुरानी परंपरा रही है।
- प्रत्येक पूर्णिमा किसी न किसी उत्सव के लिए समर्पित है।
- सबसे महत्वपूर्ण है कि आप जीवन का उत्सव मनाये।
- सभी भाईयों और बहनों को एक दूसरे के प्रति प्रेम और कर्तव्य का पालन और रक्षा का दायित्व लेते हुए ढेर सारी शुभकामना के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाना चाहिए।

## स्वतंत्रता दिवस

- 15 अगस्त 1947, भारतीय इतिहास का सर्वाधिक भाग्यशाली और महत्वपूर्ण दिन था, जब हमारे भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सब कुछ न्योछावर कर भारत देश के लिये आजादी हासिल की। भारत की आजदी के साथ ही भारतीयों ने अपने पहले प्रधानमंत्री का चुनाव पंडित जवाहर लाल नेहरु के रुप में किया जिन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के लाल किले पर तिरंगे झंडे को पहली बार फहराया। आज हर भारतीय इस खास दिन को एक उत्सव की तरह मनाता है।

15 अगस्त 1947 को ब्रिटिश साम्राज्य से भारत की स्वतंत्रता को याद करने के लिये राष्ट्रीय अवकाश के रुप में इस दिन हर साल भारत के लोगों द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस दिन, भारत के उन महान नेताओं को श्रद्धांजलि दी जाती है जिनके नेतृत्व में भारत के लोग सदा के लिये आजाद हुये।

15 अगस्त के दिन को लोग अपने-अपने अंदाज में मनाते है कोई मित्रों और परिवारों के साथ इस दिन को यादगार बनाता है तो कोई देशभक्ति गानों और फिल्मों को देख झूमता है साथ ही कई ऐसे भी होते है जो इस दिन कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर तथा विभिन्न माध्यमों के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व को प्रचारित-प्रसारित करते है।




15 अगस्त 1947, स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद जवाहर लाल नेहरु भारत के प्रथम प्रधानमंत्री बने जिन्होंने दिल्ली के लाल किले पर भारतीय झंडा फहराने के बाद भारतीयों को संम्बोधित किया। इसी प्रथा को आने वाले दूसरे प्रधानमंत्रीयों ने भी आगे बढ़ाया जहां झंडारोहण, परेड, तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि हर साल इसी दिन आयोजित होते है। कई लोग इस पर्व को अपने वस्त्रों पर, घर तथा वाहनों पर झंडा लगा कर मनाते है|

15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को अपने भाषण "'ट्रिस्ट वीद डेस्टिनी", के साथ पंडित जवाहर लाल नेहरु ने भारत की आजादी की घोषणा की। साथ ही उन्होंने अपने भाषण में कहा कि, वर्षों की गुलामी के बाद ये वो समय है जब हम अपना संकल्प निभाएंगे और अपने दुर्भाग्य का अंत करेंगे।

भारत एक ऐसा देश है जहां करोड़ों लोग विभिन्न धर्म, परंपरा, और संस्कृति के एक साथ रहते है और स्वतंत्रता दिवस के इस उत्सव को पूरी खुशी के साथ मनाते हैं। इस दिन, भारतीय होने के नाते, हमें गर्व करना चाहिये और ये वादा करना चाहिये कि हम किसी भी प्रकार के आक्रमण या अपमान से अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिये सदा देशभक्ति से पूर्ण और ईमानदार रहेंगे।

व्याकरण विभाग

[1] निम्नलिखित वाक्यों मे से सकर्मक क्रिया और अकर्मक क्रिया को पहचान के लिखिए

- अध्यापिका पाठ **पढ़ाएगी**। - सकर्मक क्रिया
- माली ने पौधौ को **सीचा**। - सकर्मक क्रिया
- नदी **बहती है**। - अकर्मक क्रिया
- आकाश मे पक्षी **उड़ रहे है**। - अकर्मक क्रिया
- विनय जोर से **चिल्ला रहा है**। - अकर्मक क्रिया
- राम पुस्तक **पढ़ता** है। - सकर्मक क्रिया
- गीता **दौडती है**। - अकर्मक क्रिया
- नदी **बहती है**। - अकर्मक क्रिया
- मोर **नाचता है**। - *अकर्मक क्रिया*
- राजा फल **खाता** है। - सकर्मक क्रिया
- गाय घास **खाती** है। - अकर्मक क्रिया

[2] निम्नलिखित वाक्यों मे से कारक शब्द पहचानकर रेखांकित कीजिए

- गरिमा ने मधुर गीत गाया।
- सुधा ने स्वादिश्रट खीर पकाई।
- घर का सारा काम सीमा द्वारा किया गया।
- अध्यापिका छात्रो को पढ़ा रही है।
- डाकिये ने हीना को पत्र दिया।
- छात्रा उत्तर लिख रही है।
- ओ लडके ! जरा सुन तो।
- अरे नमिता ! तुम कब आई?
- चाय मे चीनी कम है।
- रक्षाबंधन पर बहने भाइयो को राखी बाँधती है।
- छत पर सोनिया की कीताब रखी है।
- कुलफी मे पिस्ता-बादाम डाला जाता है।
- हेमंत अपने भाई की मदद कर रहा है।
- राजीव **से** बल्ला टूट गया।
- कल अनिता की शादी है
- खुशी साँप से डरती है।
- करण दुकान से कपडे लाया।
- माँ करछी से दाल डाल रही है।
- अध्यापिका ने कलम के दंवारा हस्ताक्षर किए।
- हेमत ने राष्ट्रपति के हाथो पुरस्कार पाया।

- माँ <u>*ने*</u> सबको भोजन खिलाया।
- जतिन नरेंद्र <u>के</u> लिए उपहार लाया।

**[3] निम्नलिखित वाक्यों में भूतकाल,वर्तमानकाल,भविष्यकाल पहचान के लिखिए**

- ः प्रकाश ने गीत गाया। - **<u>भूतकाल</u>**
- रमेश ने पत्र लिखा। **<u>- भूतकाल</u>**
- रूपा सो रही है। - **<u>भूतकाल</u>**
- राकेश दिल्ली गया था। - **<u>भूतकाल</u>**
- नौकरानी कपडे धोएगी। - **<u>भविष्यकाल</u>**
- शायद वे कल छुट्टी लेगे। - **<u>भविष्यकाल</u>**
- पूजा हो रही है। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- पिताजी आते होगे। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- ः गीता हलवा बना रही है। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- रवि खलि रहा है। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- सोहन पढता है। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- छात्र परीक्षा देता है। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- बच्ची रो रही है। - **<u>वर्तमानकाल</u>**
- कल हम मेला देखने जाएँगे। - **<u>भविष्यकाल</u>**
- दूकान कल खुलेगी। - **<u>भविष्यकाल</u>**
- शायद कल वर्षा हो। - **<u>भविष्यकाल</u>**
- दादाजी अखबार पढेगे। - **<u>भविष्यकाल</u>**
- बिल्ली छत से नीचे कूदी। - **<u>भूतकाल</u>**
- माँ ने खाना पकाया। - **<u>भूतकाल</u>**
- अब तक मोहन जाग गया होगा। - **<u>भूतकाल</u>**

**[4] निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण के भेद पहचान के लिखिए**

- गीता अच्छी लडकी है। - **गुणवाचक विशेषण**
- यह घड़ी पुरानी है। सार्वनामिक विशेषण
- यह खेत बहुत छोटा है। सार्वनामिक विशेषण
- भरत बलशाली बालक था। - **गुणवाचक विशेषण**
- तीन लडके खेल रहे है। - संख्यावाचक विशेषण
- मेले मे हजारो लोग आए थे। - संख्यावाचक विशेषण
- वह प्रतिदिन एक लीटर दूध पीता है।- **परिमाणवाचक विशेषण**

- अधिक परिश्रम करने से स्वास्थ्य बिगड़ जाता है।- **परिमाणवाचक विशेषण**
- हमारा घर आंनद विहार मे है। - सार्वनामिक विशेषण
- यह खेत चौकोर है। **- गुणवाचक विशेषण**
- बाहरी कमरा छोटा है। **- गुणवाचक विशेष**

[5] निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए

1] गुरु × शिष्य
**2]** सजीव × निर्जीव
**3]** हानि ×लाभ
**4]** उदय × अस्तु
**5]** आकाश × पाताल
6] आशा × निराशा
7] ज्ञान × अज्ञान
8] उदय × अस्त
9] मित्र × शत्रु
10] बहुत × थोड़ा
**11]** देव × दानव
**12]** अपना × पराया
**13]** आदि ×अंत
**14]** अमृत × विश
**15]** ऊँच × नीच
16] उदय × अस्त
17] दयाल‍ु× निर्दय
18] क्षमा × दंड
19] धनी × निर्धन

[6] निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए

1] आँख-नेत्र, नयन, चक्षु
2] सूर्य-सूरज, रवि, भानु
3] पृथ्वी-भू, अवनी, धरती
4] पुत्र-बेटा, सुत, नंदन
5] सुंगध-महक, खुशबू, गंध
6] इच्छा-चाह, कामना, अभिलाषा
7] नदी-सरिता, तटनी
8] पेड़-तरु, वृक्ष, पादप
**9]** बादल - मेघ, घन
**10]** घोड़ा - अश्व, तुरंग
**11]** पक्षी - खग, विहग
**12]** घर - मकान, गृह
**13]** हाथी - गज, कुंजर
**14]** रात - रात्री, निशा
**15]** ईश्वर - प्रभु, भगवान
**16]** समुद्र - सागर, सिंधु
**17]** पहाड़ - पर्वत, गिरि

18] चंद्रमा - चंद्र, शशि

## पाठ्य पुस्तक / साहित्य

### [1] निम्नलिखित सही कथन पर सही और गलत पर गलत निशान लगाए।

. 1] गुजरात मे मकर-संक्राति के दिन पंतगो से चाँद ढ़क-सा जाता है। (गलत)

2: खिलौने वाले के पिजड़े मे शेर बंद था। (गलत)

3 खिलौने वाले के पास छोटी - छोटी तलवारे थी। (सही)

4: खिलौने वाले साड़ी नही बेचता था। (सही)

5 केशव के जन्म के बाद उसके माता-पिता आगरा आकर बस गए थे। (गलत)

6 बादशाह की जरा सी चूक पर केशव की त्यौरियाँ चढ़ जाती थी। (सही)

7: अकबर सीकरी मे एक कारखाना स्थापित करना चाहते थे। (सही)

8: बादशाह ने केशव से दोबारा मिलने की बात नही स्वीकार की । (गलत)

9 प्रत्येक स्थान को पिनकोड प्राप्त नही होता। (सही)

10: पिनकोड न लिखे जाने पर पत्र पहुचने मे देरी नही होती । (गलत)

11 भारतीय डाक सेवा विश्व की सर्वाधिक बडी डाक सेवा है। (सही)

12 काजा हिमालय प्रदेश का सबसे ऊँचा गाँव है। (गलत)

13 कुम्मी को कागज पुस्तक की जानकारी अपनी दादी से मिली थी। (गलत)

14 रोहित ने बातचीत के क्रम मे कुम्मी को बुद्धू कहाथा। (सही)

15 रतन एक बडे से बंगले में रहता था। (गलत)

### [2] रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

१ : पहले मै भारतीय डाक सेवा मे **ग्रामीण डाक सेवक** था।

२ : रतन **बोल** नही सकता था।

३ : बच्चे रतन की धबराहटो को **समझ** नही पाते थे।

४ : बच्चे एक विशेष **भवन** मे जाते थे, जिसे स्कूल कहते थे।

५ : पिनकोड मे प्रत्येक अंक का एक खास **स्थानिक** अर्थ होता है।

६ ;इला के विश्वास और धैर्य ने **कुदरत** को भी झुठला दिया।

७: बादशाह ख्वाजा सलीम चिश्ती से मिलने के लिए **सीकरी** गए थे।

८ खिलौने वाले की गेंद **एक** पैसे की थी।

९ **गुजरात** मे पंतगो के बिना मकर-संक्राति का जश्न अधूरा माना जाता है।

१० **लडकी** ने भेडो के बाल उतारे।

११ आज भी गाँवो मे **संदेश** पहुँचाने का सबसे बड़ा माध्यम डाक ही है।

१२ रिकांगपिओ किन्नौर जिले का **मुख्यालय** है।

१३ पत्र का पता लिखने मे सबसे छोटी **भौगोलिक** इकाई से बडी की ओर बढा जाता है।

१४ इला ने मलमल के पल्लू पर **भरवाँ** टाँके लगाए थे।

१५ इला का ननिहाल **अमरेली** जिले के राजकोट गाँव मे था।

[3] **निम्नलिखित प्रश्नो के अतिलघु उत्तर लिखिए।**

**१ कविता में रतन की तुलना किससे की गई हैं?**

उ-कविता में रतन की तुलना टूटे खिलौने से की गई हैं।

**२-कुम्मी रोज़ किसके सामने बैठकर पढ़ती है?**

उ-कुम्मी रोज़ मशीन रुपी टेलिविजन के सामने बैठकर पढ़ती हैं।

**३ पैंकर से डाकिया कैसे बना जाता है?**

उ-एक इम्तिहान पास करने के बाद पैकर से डाकिया बना जाता हैं।

**४-पिनकोड़ किसे कहते हैं?**

उ-पिनकोड़ एक पोस्टल नम्बर होता है जो 6 अंको का होता है।

**५-खेल से मन भर जाने पर बच्चे क्या करते थे?**

उ-खेल से मन भर जाने पर बच्चे पेड़ की ड़ालियों पर झूला झूलते थे।

**६-ताड़का का वध किसने किया था?**

उत्तर-ताड़का का वध श्रीराम ने किया था।

**७ - सरहुल में चंदे में कौन-कौन सी चीज़े माँगी जाती हैं?**

उत्तर : सरहुल में चंदे में मुर्गा,चावल और मिश्री माँगी जाती हैं।

**८ -लोनपो के पुत्र को किसे मारने या बेचने की आज्ञा नहीं थी?**

उत्तर-लोनपो के पुत्र को भेडों को मारने या बेचने की आज्ञा नहीं थी।

**९-कागज़ी पुस्तक में किस बारे में लिखा था?**

उ-कागज़ी पुस्तक में कहानियों के बारे में लिखा था।

**१०-खिलौने वाली मोटरगाड़ी कैसी थी?**

उत्तर-खिलौने वाली मोटरगाड़ी सर-सर-सर चलने वाली थी।

[4] **निम्नलिखित प्रश्नो के लघु उत्तर लिखिए।**

**१- बच्चे रतन के साथ खेलते हुए क्यों घबराते थे?**

उ-क्योंकि बच्चे उसकी भाषा,घबराहटों,इशारों को समझ नहीं पाते थे।

**2-कुम्मी ने अपनी डायरी में किस घटना का उल्लेख किया था?**

उ-कुम्मीने रोहित को एक सचमुच की पुस्तक मिली थी इस बात का उल्लेख किया था।

**३ स्नोबाईट किसे कहते हैं?**

उत्तर-स्नोबाईट पहाड़ी इलाको में ज्यादा ठंड पड़ने पर या बर्फ में चलने पर पैर नीले हो -जाते हैं, उनमें गैंगरिन हो जाता है और पैरों की उँगलियाँ झड़ जाती हैं। इसे स्नोबाइट कहते हैं।

**४-पत्र का अपने सही पते और समय पर पहुँचना किन बातों पर निर्भर करता है?**

उ-पत्र का अपने सही पते और समय पर पहुँचना उसके पिनकोड़ और ड़ाक-टिकट पर निर्भर करता हैं।

**५-"इला के पाँव अब थकते नहीं थे।"पंक्ति का आशयस्पष्ट कीजिए।**

उ-पारंपरिक ड़िजाइनों में इला माहिर हो चुकी थी इस तरह कह सकते है कि इला के पाँव अब थकते नहीं थे।

**६-केशव अपनी आँखे कब, किस कारण से सिकोड़ लेता था?**

उ-हथौड़े के वार से पत्थर पर जो कटाव उभरता उससे पत्थर की किरचें छितरा जातीं और वह आँखे सिकोड़ लेता।

**७-खिलौने वाली रेल की कौन-कौन सी विशेषताएँ थीं?**

उत्तर-खिलौने वाली रेल चाभी भर देने से भक-भक करती चलने वाली थी।

**८-खिचड़ी के त्योहार के दिन केले के पत्तों पर क्या-क्या रखा गया था?**

उत्तर-खिचड़ी के त्योहार के दिन केले के पत्तों पर तिल, गुड़, चावल रखा गया था।

९ - **ःलोनपो किस के कारण चिंतित थे और क्यों?**

उत्तर-ःलोनपो अपने बेटे के कारण चिंतित थे क्योंकि वह बहुत भोला था।

**१०-बालक आज्ञाकारी पुत्र है।कविता के आधार परसिद्ध कीजिए।**

उत्तर-बालक अपनी माँकी हर बात मानता है इस तरह बालक आज्ञाकारी पुत्र हैं।

**११- कँवरसिंह और उनके परिवार के सदस्यों के बारे में बताइए।**

उत्तर-कँवरसिंह ने बताया कि उनके चार बच्चे हैं, तीन बेटी, एक बेटा। दो बेटियाँ बारहवीं पास हैं और एक बेटी और बेटा दसवीं तक पढ़े हैं।एक और बेटा था जिसकी मौत पहाड़ी से फ़िसल कर हो गई थीं।

१२ **-पहरेदार के जाने के बाद केशव किस दुविधा में था?**

उ-पहरेदार के जाने के बाद केशव असमंजस में था कि उसे क्या करना चाहिए।वापस अपना नक्काशी का कामशुरु करे या बादशाह के हुक्म के इंतजार में खड़ा रहे।

## निम्नलिखित प्रश्नो के दीर्घ उत्तर लिखिए।-

**1-केशव ने अकबर की गलती को किस प्रकार पकड़ा? बादशाह से चूक हो जाने पर केशव की क्या प्रतिकिया होती थी?**

उ-अकबर ने पत्थर पे छेनी रखकरज़ोर से हथौड़े पर वार किया, जिससे कटाव ज्यादा गहरा हो गया। केशव ने तुरंत गलती पकड़ी। बादशाह से चूक हो जाने परकेशव बादशाह को हल्के हाथ से वार करने को कहता।

**२-दसवीं की परीक्षा देने में इला को किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ा? अतः परिणाम क्या निकला?**

उ-दसवीं की परीक्षा जब देने की बारी आयी तब इला के हाथ न होने के कारण वो परीक्षा में लिख न पाई। इला को ये न पता था कि उसकी जगह कोई और परीक्षा में लिख सकता था। इस तरह हाथ न होने के कारण इला दसवीं की परीक्षा पास न कर पाई।

**३ - नाम न होने पर क्या समस्या आती है?**

उ-नाम न होने पर यह पता करना कठिन होता है कि पत्र किसका है। एक ही नाम के कई लोग होते हैं।जिससे यह पता करना बहुत मुश्किल होता था कि पत्र कहा का है और किसे देना है।

**४ - भारतीय डाक सेवा अन्य देशों की डाक सेवा से किस प्रकार अच्छी है?**

उत्तर-हमारे देश की डाक सेवा आज भी दुनिया की सबसे बड़ी डाक सेवा है और सबसे सस्ती भी।केवल पाँच रुपए में देश के किसी भी कोने में हम चिट्ठी भेज सकते हैं।

**५-कुम्मी को स्कूल का काम उबाऊ क्यों लगता हैं?**

उ-कुम्मी का स्कूल एक मशीन था जिसके सामने बैठकर मशीन बताती है कि क्या पढ़ना हैं।काम करके उस मशीन में डाल देना होता है फिर गलतियों का सुधार कर मशीन कुम्मी को समझाती।ये सब कुम्मी को उबाऊ लगता था।

**६- उस घटना का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए, जिसके कारण कँवरसिंह की एक आँख बेकार हो गई।**

उत्तर-कँवरसिंह ने अपनी जान पर खेलकर डाकघर की चीजों को बचाया।इसमें उनके सिर पर भी कई टाँके लगे। उनकी एक आँख भी खराब हो गई।डाकघर की चीजें बचाने के लिए सरकार ने उन्हें "बैस्ट पोस्टमैन" की उपाधि दी।

**७ -केशव कौन था? उसने अपने बारे में क्या भविष्यवाणी कर रखी थी?**

उ-केशव दस साल का लड़का था।उसे विश्वास था कि एक दिन वह भी अपने पिता की तरह सुंदर ड़िज़ाइन पत्थर पर उकेरने में सफ़ल होगा।

**८ -मकर संक्रांति के दिन किस प्रांत में पतंगों को सर्वाधिक महत्व दिया जाता है और क्यों?**

उत्तर : मकर संक्रांति के दिन गुजरात में पतंगो को सर्वाधिक महत्व दिया जाता हैं।प्रत्येक गुजराती चाहे वह किसी भी धर्म, जाति या आयु का हो, पतंग उड़ाता है। हज़ारों- लाखो पतंगो से सूर्य भी ढक-सा जाता हैं।

**९ -इला अपने मित्रों के साथ खेलकूद में पूर्णतः शामिल होने में स्वयं को किस प्रकार विवशपाती थी?**

उ-इला अपने मित्रों के साथ गाना गाने में साथ तो दे पाती थी, परंतु जब धप्पा करने की बारी आती तो हाथ न होने के कारण वो धप्पा न कर पाती थी। इस प्रकार इला अपने मित्रों के साथ खेलकूद में पूर्णतःशामिल होने में स्वयं को विवश पाती थी।

**१० उस घटना का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए, जिसके कारण कँवरसिंह की एक आँख बेकार हो गई।**

उत्तर-कँवरसिंह ने अपनी जान पर खेलकर डाकघर की चीजों को बचाया।इसमें उनके सिर पर भी कई टाँके लगे। उनकी एक आँख भी खराब हो गई।डाकघर की चीजें बचाने के लिए सरकार ने उन्हें "बैस्ट पोस्टमैन" की उपाधि दी।